SHORT DURATION DISCUSSION ON THE PRE-BUDGET HIKE IN THE PRICES OF COAL AND SUGAR

श्री प्रमोद महाजन (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष महोदय, कोयले और चीनी के मूल्य में बजट पूर्व वृद्धि के संबंध में अल्पकालिक चर्चा में प्रारम्भ करना चाहता हूं। कोयले और चीनी के मूल्य बढ़ाने के कारण (**व्यवधान**)

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : मेरा एक सबमिशन है। (**व्यवधान**) मेरा सबमिशन यह है कि पांच बज रहे हैं इसलिए हाऊस को एडजर्न होना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (**श्री मोहम्मद सलीम**) : कोयले और चीनी की कीमत का सवाल है, सुन लीजिए (**व्यवधान**)

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR (Uttar Pradesh): No decision has been taken in the BAC to extend the time.

उपसभाध्यक्ष (**श्री मोहम्मद सलीम**) : मेरे ख्याल से यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है। सुबह से सदस्यगण चाह रहे थे कि इस पर चर्चा हो। दर असल पांच बज चुके हैं लेकिन कोयले और चीनी के भाव का सवाल है, अगर हाऊस चाहता है तो हम ले सकते हैं। मेरा ख्याल है आप थोड़ा बोले, ज्यादा न बोलें तो हो सकता है।

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL SHRI AJIT KUMAR PANJA: We are in one difficulty. Tomorrow in the Lok Sabha, it has been fixed up.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: We are not concerned with the Lok Sabha. पहले दिन कभी एक्सटेन्ड नहीं हुआ।

SHRI AJIT KUMAR PANJA: Tomorrow in the Lok Sabha, it has already been fixed up. When I mentioned that this has been fixed up today here in this House, in the Lok Sabha it has been fixed up for tomorrow. So, I will be in difficulty, Sir.

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (**डा. अबरार अहमद**) : कल से मोशन आफ थैंक्स शुरू होगा। इसको आज ही लिया जाये। (**व्यवधान**) इसको आज लेना है। (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Let us start it. If the hon. Members feel any difficulty, we will see. Let us start now.

SHRIMATI KAMLA SINHA (Bihar): It is already 5 O'Clock. Let the House be adjourned.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): We have already started a discussion on it. We will conclude by 7.30 today (*Interruptions*) you please continue.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: No, Sir.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: Nowhere in the history on the first day we exceeded the time limit. There was no decision about it in the BAC.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): I have a point, Sir. Tomorrow, we will have the Motion of Thanks on the President's Address. That will be the first item to be taken up tomorrow Discussion on it is for three days. Then you will have to continue it next week after Tuesday. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM) This is up to the House. We should take it up today or tomorrow. Let us go by the rules. I would like to know whether the Members are interested to discuss the price rise on coal and sugar this evening.

चौधरी हरि सिंह (उत्तर प्रदेश) : आज ही होना चाहिये। (**व्यवधान**)

डा० अबरार अहमद। यह तय हुआ था कि आज ही इसको लिया जाय (**व्यवधान**)

श्री विष्णु कांत शास्त्री (उत्तर प्रदेश) : इतना महत्वपूर्ण विषय है जो इन्होंने शुरू किया है (व्यवधान) कल इसको लिया जाय (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) : हमारी यह भावना है कि पहले भी महत्वपूर्ण सवाल सदस्य उठाना चाहते थे और यह चाहते थे कि उन पर बहस हो लेकिन मौका नहीं मिल पाता है और मामला आहिस्ता आहिस्ता पीछे हटता रहता है । कल से तो मोशन आफ थैंक्स के बारे में चर्चा होगी तो इस डिसक्शन को हम ले नहीं पायेंगे । यह डिसक्शन प्रि-बजट हाईक इन प्राइसेज के बारे में है इसलिये इस पर डिसक्शन होना चाहिये । इसलिये यह सदस्यों के ऊपर है कि वह महंगाई के ऊपर बात करना चाहते हैं या नहीं । (व्यवधान)

SHRI PRAMOD MAHAJAN: The Short Duration Discussion should be taken up tomorrow. We cannot extend the time limit today. This is an important issue before the house.

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (राजस्थान) : बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में टाईम एक्सटेंड करने के बारे में कोई भी डिसिजन नहीं लिया गया है । नार्मली जो बुलेटिन में समय आता है वह 11 से पांच बजे तक का होता है जब तक बिजनेस एडवाइजरी कमेटी अदरवाइस तय न करे The House is bound by the timing.

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) : भंडारी जी ऐसा नहीं है ।

डा० अबरार अहमद : कल बिजनेस एडवाइजरी कमेटी ने डिसिजन लिया था । (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) : बी०ए०सी० में बात हुई यह कहा गया कि महत्वपूर्ण विषय है इसको लेना पड़ेगा लेकिन समय का सवाल है । (व्यवधान)

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: No, I was here.

बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में कोई डिक्शन नहीं किया गया । उसमें आप थे (व्यवधान) आप भी थे (व्यवधान)

SHRI MENTAY PADMANABHAM (Andhra Pradesh): Generally on a day like this, when we take up a calling attention like this, we would be sitting beyond 5 O'Clock. It all depends upon the consensus of the House. This is not the first time we are sitting late. Always, if the entire House agree, we sit beyond 5 O'Clock.

डा० अबरार अहमद : कल बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में यह बात तय हुई थी कि इन दोनों बिलों के समाप्त होने के बाद कल ही यह लिया जायेगा और कल ही समाप्त किया जायेगा । (व्यवधान)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : यह गलत बात है । यह नहीं कहा गया था (व्यवधान) यह कहा गया कि कल लिया जायेगा । (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) : माथुर साहब, यह बहस का विषय नहीं है । आप मंत्री जी को बोलने दीजिये । (व्यवधान)

डा० अबरार अहमद : कल यह बिल्कुल स्पष्ट तय हुआ था कि 24 तारीख से प्रेजीडेंट एड्रेस पर थैंक्स का मोशन शुरू होगा और यह एडमिनिस्ट्रेटिव प्राइसज का आज दोनों बिलों के बाद लेना था और आज ही समाप्त करना था । 24, 25 और 1 ये तीनों दिन प्रेजीडेंट एड्रेस के लिये तय हुये थे । बिल्कुल क्लियर यह बात तय हुई थी और एकाडिगली इसको आज ही लेना चाहिये (व्यवधान) इतने महत्वपूर्ण मसले पर आप आज बहस नहीं होने देंगे . . . (व्यवधान)

SHRI MENTAY PADMANABHAM: Mr. Vice-Chairman, Sir, generally on a day like this when we take up the Short Duration discussion, we sit beyond 5 O' clock. It all depends upon the consensus of the House. This is not the first time we are going to do it. If the entire House agrees, we will sit beyond 5 o'clock. If the consensus of the House is that we should sit beyond 5 o'clock, let the hon. Member start the discussion on this issue and let us adjourn at 6 o'clock. If the discussion is not completed, we can take it up tomorrow.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Mr. Vice-Chairman, Sir, I want to say something. First of all, we cannot discuss what has happened in the Business Advisory Committee. It is not done.

Secondly, we all know that it is listed in today's revised List of Business. If they feel that the discussion on this subject is that important. I think, we should take it up. There is no question that on the first day you have to go home by 5 o'clock. It is already ten minutes past five of the clock. If the House in its wisdom decides to sit beyond and continue the discussion, then, we can do it. Nobody can prevent us from speaking and hearing.

Thirdly, if Mr. Mahajan does not want to continue today, he cannot insist that it should be taken up tomorrow because the Motion of Thanks to the President's Address takes precedence over it. He can either finish it today or on Tuesday or Wednesday whenever time permits. He cannot insist that it should be taken up tomorrow. That is not fair.

PROF. SAURIN BHATTACHARYA (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, my point is that it is reasonably an important issue. But I must say from what I have gathered from the speech of the Minister of Parliamentary Affairs that its time was fixed rather in a peculiar manner, that after the two Bills this has to be taken up and has to be completed today... (*Interruptions*)... I am not disputing it.

Then, even if Mr. Pramod Mahajan finishes his speech on the Short Duration discussion, it cannot be completed because most of the speakers, listed speakers I should say, are not present in the House on the understanding that on the very first day it will not be completed... (*Interruptions*)... Therefore, I say we will have to take it up sometime later. The debate on the Motion of Thanks to the President's Address will begin from 24th and will continue up to the 1st of March. Only thereafter this issue may be taken up. By that time, the Budget will be presented. This momentum will be lost. But that way the time has been fixed. I should say, has been done very cleverly. It was a very clever strategy to sabotage the discussion on Short Duration.

SHRI AJIT KUMAR PANJA: It appears that Mr. Mathur and Mr. Mahajan are not serious about it. If they do not want, they need not press for it.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: You are very serious of increasing the prices.

SHRI MENTAY PADMANABHAM: You have created this problem of increasing the prices.

SHRI AJIT KUMAR PANJA: You cannot demolish a public sector unit.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: वाइस चेयरमैन साहब, अबरार साहब दो बार बोल चुके हैं। दो मंत्री खड़े हो चुके हैं। मैं उनकी बात से बिल्कुल सहमत हूं। पहली बात, पंजा साहब तो बी.ए.सी. मीटिंग में नहीं थे .... (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): तीसरे मंत्री खड़े होने के लिए तैयार हैं मैं मैं उन्हें नहीं दिया है।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: बी.ए.सी. मीटिंग में कल्पनाथ जी नहीं थे। अबरार साहब थे... (**व्यवधान**)

अबरार साहब का कहना यह है, जो मैं समझता हूं कि ठीक नहीं है कि यह तय हुआ था कि इसको आज ही खत्म किया जाए। अगर यह तय होता तो जो अक्षरश: ... (**व्यवधान**) आया है उसमें एक्सटेंड टाइम दिया होता 5.00 बजे के बाद तक हाउस बैठेगा, वह नहीं दिया गया है। क्या आज आप रात के ग्यारह बजे तक बैठकर.... (**व्यवधान**)

एक माननीय सदस्य: प्वाइंट आफ आर्डर .... (**व्यवधान**)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: आप मुझे पूरा करने दीजिए।.... (**व्यवधान**) यह क्या तरीका है?

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) : बात खत्म कीजिए । . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मैं खत्म कर रहा हूं । . . . (**व्यवधान**) मैं कह रहा हूं कि क्या रात के दस बजे तक बैठ करके आज यह खत्म होगा ? अगर यह खत्म नहीं होगा तो फिर बाद में क्यों बैठें ? खत्म होने की बात बता दें । . . . . (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): You have communicated your idea that unless it can be finished today, we should not take it up. Now let us hear the point of order.

श्री सैयद शिब्ते रजी (उत्तर प्रदेश) : हमारे हाउस की ट्रेडीशन यह है कि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में जो डिसकस होता है वह बाद में हाउस में डिसकस नहीं होता । लेकिन बराबर वही प्रक्रिया चल रही है । मेरा आपसे अनुरोध यह है कि क्योंकि यह मसला बहुत इंपार्टेंट है और इसीलिये इस मसले को यहां पर लाया गया है, इसकी सारी रेलेवेंसी खत्म हो जायेगी, आज ही डिसाइड होना चाहिये । हाउस का मत भी यही है, आज ही इसको डिसाइड करके खत्म करिये । कल हम प्रेसीडेशन एड्रेस पर अपना काम शुरू करेंगे और आप इस मामले में ज्यादा वक्त बर्बाद न करने दें इन लोगों को और इतना अनुरोध करेंगे कि जो अपनी बात कहना है ब्रीफ में कह दें । यह महत्वपूर्ण विषय है इसलिये इसको लाइटली क्यों बना रहे हैं ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आज खत्म होगा ? क्या आज आप इसे खत्म करेंगे? . . . (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) : आप भी बोल दीजिये मि. सेन । . . . (**व्यवधान**)

SHRI AJIT KUMAR PANJA: We can finish it by 6 o'clock.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : जो लिस्ट आफ बिजनेस है . . . (**व्यवधान**) क्या गुरूदास दास गुप्त यहां मौजूद हैं ? . . . (**व्यवधान**)

DR. ABRAR AHMED: I can assure you that today we will finish it.

SHRI SUKOMAL SEN (West Bengal): Yesterday. . . . (*Interruptions*). Tomorrow, the discussion on the Motion of Thanks to the President's Address will start. Then, many things will happen in the country and so many discussions will be thrust on the House whether you want it or not. It is better to discuss the matter for two hours and finish it today.

श्री प्रमोद महाजन : उपसभाध्यक्ष जी, कोयला और चीनी तथा अन्य उत्पादों के मूल्यों में बजट पूर्व वृद्धि करने वाली यह सरकार यदि स्मरण रहे तो इस वायदे पर चुन कर आई थी कि यह 100 दिन के अन्दर हिन्दुस्तान में महंगाई कम करेगी (**व्यवधान**) अब आप बोलने भी देंगे ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : उनकी आदत है । आदत से मजबूर हैं ।

श्री प्रमोद महाजन : महंगाई की मार तो है ही और फिर आपकी मार । . . . (**व्यवधान**) आज महंगाई की आग में जो सर्वसाधारण जनता जल रही है, इसका अगर सबसे अधिक प्रमुख दोष किस पर आता है . . . (**व्यवधान**)

कई माननीय सदस्य (बी०जे०पी० वालों पर . . . (**व्यवधान**)

श्री प्रमोद महाजन : उपसभाध्यक्ष जी, अगर इस प्रकार बोलना है तो मुझे बोलना नहीं है । मैं कभी किसी के बोलने में मजाक तरीके से सोचता नहीं हूं । जयन्ती जी होनी तो अच्छा होता । . . . (**व्यवधान**)

श्री विष्णु कांत शास्त्री : यह बहुत जरूरी है, गंभीर मामला है ।

SHRI PRAMOD MAHAJAN: She was talking about the seriousness of the discussion. Are they serious persons sitting here?

(*Interruptions*).

श्री विष्णु कांत शास्त्री : वह कांग्रेसी गंभीरता है। . . . (व्यवधान)

SHRI AJIT KUMAR PANJA: Whenever Pramod Mahajanji gets angry, he speaks in English, otherwise in Hindi.

श्री प्रमोद महाजन : यह तरीका नहीं है। मैंने कोई ऐसी बात नहीं कही कि जिससे कोई चोट पहुंचे। और इसके पश्चात् आखिर बोलने वाला अपनी तैयारी से आता है। अब मैं मानता हूं कि मेरे पास उनके जितनी विद्वता नहीं है और जितनी भी है उस पर मैं कुछ बोलने का प्रयास कर रहा हूं। जो इस प्रकार का परिहास मुझे ठीक नहीं लगता।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं यह कह रहा था कि महंगाई आज इस देश में जो चरम सीमा तक पहुंची है, उस चरम सीमा तक महंगाई को ले जाने में अगर इस देश में किसी एक संस्था का प्रमुख दोष है, तो हिन्दुस्तान की वर्तमान सरकार का प्रमुख दोष है, क्योंकि इस देश में महंगाई बढ़ाने वाली जितनी आधारभूत वस्तुएं है, उन आधारभूत वस्तुओं की कीमत, उनका मूल्य केन्द्र सरकार के द्वारा निर्धारित किया जाता है। महोदय, कम से कम 16 ऐसी प्रमुख वस्तुयें हैं, जोकि महंगाई को और महंगाई के चक्र को जन्म देती हैं। इन सारी वस्तुओं के मूल्य का निर्धारण केन्द्र सरकार करती है और इसलिये जिस महंगाई से आज जनता जूझ रही है, वह महंगाई कोई एक आर्थिक विशेष परिस्थिति का परिणाम नहीं है। यह इस सरकार की गलत नीतियों के कारण है। जिस प्रकार से इन्होंने ऐसी वस्तुओं जिन पर कि इनका नियंत्रण है, ऐसी सरकारी नियंत्रित वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि कर के महंगाई के एक चक्र को जन्म दिया है, यह इनकी उन गलत नीतियों के ही कारण है।

उपसभाध्यक्ष जी, अगले शनिवार की 27 तारीख को हिन्दुस्तान का बजट आने वाला है और गत कुछ वर्षों से हमारे देश में यह गलत परम्परा पड़ी है कि जैसे बजट आता है, बजट आने से पहले सप्ताह में सरकार अपनी नियंत्रित वस्तुओं के दाम बढ़ाने प्रारम्भ कर देती है मानो वस्तुओं के दाम बढ़ गए तो समझ लेना कि बजट की तिथि निश्चित हुई। इस प्रकार का एक इतिहास बना है, महोदय, सरकार जब प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में भारतीय अर्थ-नीति की अनगिनत वस्तुओं का निर्धारण करती है तो यह निर्धारण मुख्य रूप से बजट में हो, यह अपेक्षा है। कुछ वर्षों में पूर्व हिन्दुस्तान में बजट एक ऐसी स्थिति थी, जिसमें कि आर्थिक स्थिति का प्रतिबिंब होता था--महंगाई बढ़ना-घटना, वस्तुओं के दाम निश्चत होना--अनिश्चित होना, कम होना, ज्यादा होना, एक समय में बजट में आता था और इसीलिये शायद उसके लिये शब्द बजट होता था और उसके बाद एक वर्ष तक उस निर्धारित बजट के आधार पर सरकार चलने का प्रयास करती थी। लेकिन अब यह लगता है कि बजट आने से पूर्व ही अपने संसाधन बढ़ाने के लिये सरकारें, मैं केवल इस सरकार और अभी की सरकार नहीं कहूंगा, गत कुछ वर्षों से यह परम्परा पड़ी है कि सरकारें अपनी नियंत्रित वस्तुओं के दाम बजट पूर्व बढ़ाकर सारे बजट की पवित्रता को समाप्त कर देती है, बजट के महत्व को समाप्त कर देती है और बजट लगभग बेईमानी बनकर रह जाता है। इस प्रकार बजट का अवमूल्यन, इस प्रकार की नियंत्रित वस्तुओं के दाम पहले ही बढ़ाने का कार्य सरकार करती है। इसलिये यह सवाल केवल कोयले या चीनी का नहीं है, केवल पैट्रोलियम पदार्थों का नहीं है, सरकार की नीति के साथ यह जो गलत नीयत जुड़ी है। यह नीयत जिसके कारण कि गत वर्ष का बजट घाटा पूरा करने के लिये, यह आंकड़ों की जादूगरी

करने के लिये दो-चार-पांच सप्ताह पहले अपने संसाधन बढ़ाने का जो प्रयास होता है, पहले तो मुझे लगता है कि यह धिक्कार-योग्य है, निर्णय योग्य है और इस प्रकार का प्रयास दुर्भाग्य से इस वर्ष भी किया है। इसलिये यह महंगाई अपनी अर्थनीति निर्मित नहीं है बल्कि मुख्य रूप से सरकार की ओर से आती है, सार्वजनिक क्षेत्रों की ओर से आती है और सार्वजनिक क्षेत्र क्योंकि सरकार नियंत्रित होते हैं, यह महंगाई को जन्म देते है। इसलिये मुख्य रूप से बजट की पवित्रता, महत्व और बजट की विशेषता समाप्त करने के लिये मैं इस सरकार को सबसे पहले दोष देना चाहूंगा। अब जिन दो वस्तुओं के संबंध में उन्होंने महंगाई का नियंत्रण किया है, उसमें सबसे पहले आता है चीनी। अचानक सरकार ने चीनी का दाम, खासकर जो राशन में मिलती है, 1 रुपया 40 पैसा प्रति किलोग्राम बढ़ा दिया है। अब यह बढ़ाने के बाद, जमाना एक था जब चीनी का नाम लेते थे तो मुंह में पानी आता था और यह दाम बढ़ने के बाद चीनी का नाम लेते है तो गरीब आदमी की आखों में पानी आता है। तो पानी का परिवर्तन मुंह से आखों में करने का प्रयास इस चीनी नीति के अंतर्गत इस सरकार ने किया है। सरकार की चीनी उद्योग के संबंध में नई नीति घोषित हुई है। अब उसके अनेक बिन्दु है, लेकिन मुख्य रूप से मैं आज उससे निर्मित होने वाली महंगाई के संबंध में बात करूंगा, अन्य संबंध में अभी नहीं जाऊंगा। इसमें कुछ विशेषताएं कुछ अच्छाइयां हैं, लेकिन उसके साथ-साथ सरकार ने राशन के अंतर्गत आने वाली दुकानों पर चीनी का दाम 6 रुपए 90 पैसे प्रति किलो से बढ़ाकर 8 रु० 10 पैसे प्रति किलो कर दिया है। यह वृद्धि लगभग 20 प्रतिशत वृद्धि है, जो अप्रत्याशित है। इसके पहले चीनी का दाम इस प्रकार एक ही झटके में कभी बढ़ाया नहीं गया था। यह तो राशन की दुकान की स्थिति है। बाजार में आज चीनी का दाम जो 11 या 12 रुपए प्रति किलो के आसपास है, इस नीति के अंतर्गत यह बढ़कर 14/15 रुपए किलो तक होने की स्थिति, होने की संभावना स्पष्ट दिखाई पड़ती है।

मान्यवर, अब चीनी के जो दाम बढे हैं, इसके बढ़ने का कारण जो केन्द्र सरकार ने दिया है, उसमें केन्द्र सरकार मुख्य रूप से यह कहती है कि सरकार ने गन्ने के खरीद मूल्य में 31/–रुपए प्रति क्विंटल से 32 रुपए 50 पैसे प्रति क्विंटल बढौतरी की है। सरकार का दावा यह है कि गत वर्ष 26/–रुपए से 31/–रुपए तक बढ़ौतरी की थी और सरकार का आगे यह कहना है कि 26/-रुपए से लेकर 32 रुपए 50 पैसे तक, इसका अर्थ यह हुआ कि 6 रुपए 50 पैसे प्रति क्विंटल गन्ने की लागत में वृद्धि की, उस समय चीनी के दाम बढ़ाए नहीं थे और चूंकि हमने यह दूसरी बार वृद्धि की है और अब कुल वृद्धि साढ़े छह रूपए के आसपास हुई है तो राशन पर चीनी के दाम बढाना हमारे लिए अनिवार्य हो गया था। इस प्रकार की भूमिका लेकर सरकार ने चीनी के दाम राशन की दुकान पर बढ़ा दिए हैं।

[उपसभाध्यक्ष श्री सैयद सिब्ते रजी पीठासीन हुए]

मान्यवर, सबसे पहले मैं यह स्पष्ट कर देना चाहूंगा कि गन्ने के खरीद मूल्य में सरकार ने जो वृद्धि की है, उस वृद्धि का हम स्वागत करते हैं। गन्ने की खरीद मूल्यों की वृद्धि गलत है, यह मैं नहीं मानता। मैं तो इसके आगे जाकर यह कहना चाहूंगा कि गन्ना किसान का एक प्रमुख उत्पाद है और इस उत्पाद का मूल्य तय करते समय उत्पादन खर्च का आधार जोड़कर, इसका एक कोई वैज्ञानिक रूप बनाकर मूल्य निर्धारण करना चाहिए। इसलिए सरकार ने अगर 32 रुपए 50 पैसे तक गन्ने के मूल्य में वृद्धि की है, तो मैं यह मानता हूं कि यह उचित कदम है, लेकिन....

खाद्य मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : स्वागत है।

श्री प्रमोद महाजन : मैंने पहले ही स्वागत किया। यहां तक भारतीय जनता पार्टी का सवाल है, किसान के शोषण पर आधारित किसी भी कृत्रिम अर्थव्यवस्था का भारतीय जनता पार्टी समर्थन नहीं करना चाहती और इसलिए किसान को उसके गन्ने का उचित मूल्य मिले, यह उचित कदम है, लेकिन उसके साथ-साथ क्या 6 रुपए 50 पैसे प्रति क्विंटल गन्ने का

[श्री प्रमोद महाजन]

मूल्य बढ़ाने के कारण राशन की दुकान पर चीनी का मूल्य 1 रुपया 50 पैसा प्रति किलो बढ़ाना जरूरी होता है ? मैं यह चाहता हूं कि अगर मंत्री महोदय अपने उत्तर में इस बात का विश्लेषण कर दें तो वह अधिक अच्छा ही होगा क्योंकि 6 रूपए 50 पैसे, मैं दो वर्ष का इक्कठा गिन रहा हूं, केवल इस वर्ष का नहीं गिन रहा हूं, लेकिन जबसे आपने चीनी के दाम नहीं बढ़ाए, अब इसमें सरकार की चतुराई देखिए कि 60 प्रतिशत चीनी यह मुक्त बाजार में जाएगी। जिसके मूल्य पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होगा, बाजार का नियंत्रण होगा। इसलिए गन्ने के खरीद मूल्य में जो 6 रुपए 50 पैसे की गत दो वर्ष में वृद्धि की है, उस वृद्धि से निर्मित होने वाली चीनी का अधिकांश 60 प्रतिशत हिस्सा बाजार में चला जाएगा जिसका दाम एक रूपये 40 पैसे नहीं, तीन से चार रुपए किलो तक बढ़ने की संभावना है और जब हम 50 लाख टन चीनी बेचते हैं तो यह पूरा खेल लगभग डेढ़ करोड़ रुपए का होता है, अब उसके साथ-साथ अधिकांश चीनी तो उस ग्राहक को उठानी पड़ती है जो बाजार से लेता है। अब सरकार को गरीब ग्राहक का बोझ उठाना है। अब जो 40 प्रतिशत चीनी राशन की दुकान पर जाती है, वहां से गरीब आदमी खरीदता है, यह भी नियंत्रित रूप में खरीदता है, उसका अनुपात निश्चित होता है, जो चाहे जितना वह खरीद नहीं पाता। अब यह जो 40 प्रतिशत, अब यह जो दोहरी नीति हमने बनाई है, मैं सबसे पहले तो सरकार से यह आग्रह करूंगा कि राशन कार्ड की स्थिति में यह जो दोहरी नीति है इस पर सरकार थोड़ा पुनर्विचार करें क्योंकि राशन कार्ड आज सबके पास होते हैं और राशन कार्ड का उपयोग अमीर आदमी नहीं करता लेकिन उसका दुरुपयोग होने की संभावना बढ़ती है। इसलिए राशन पर मिलने वाली चीजों में से अधिकांश चीजें केवल गरीब को मिलें, इस प्रकार की व्यवस्था कुछ प्रदेशों में सोची जा रही है। मैं महाराष्ट्र में उस प्रकार का प्रयास जानता हूं कि जिसमें उन्होंने गरीबों के लिए राशन कार्ड और अमीरों के लिए राशन कार्ड, इसमें एक अंतर करने का प्रयास किया है। मुझे लगता है कि इस विषय में भी एक राष्ट्रीय मन, एक राष्ट्रीय मत बनाने के लिए सरकार जरूर प्रयास करेगी। अब यह जो चीनी का उपयोग है, जिसमें आप 60 प्रतिशत इसमें लाते हैं, अब मैं इसका हिसाब उपाध्यक्ष जी लगाने का प्रयास कर रहा था। हमने प्रति क्विंटल 6 रुपए 50 पैसे बढ़ाया है और एक क्विंटल, मतलब 100 किलो गन्ने से हमारे यहां जो आपने उसका रिकवरी मूल्य पकड़ा है, वह है 8.5, साढ़े आठ किलो। मैं जानता हूं कि उत्तर प्रदेश में कई कारखाने हैं जो इससे नीचे आते हैं, महाराष्ट्र में कई कारखाने हैं जो 10-11 किलो तक चले जाते हैं, लेकिन 100 किलो गन्ने से निर्मित चीनी, यह होती है ओन एन एवरेज साढ़े आठ किलो। अगर सौ किलो गन्ने का मूल्य साढ़े छः रुपए तक गत तीन वर्षों में बढ़ा दिया है, तो इसका अर्थ यह हो गया कि साढ़े आठ किलो जो चीनी है, वह साढ़े आठ किलो–मैं एक किलो की बात नहीं कर रहा हूं–साढ़े आठ किलो चीनी का मूल्य कुल मिलाकर आपने साढ़े छः रुपए बढ़ाया है, साढ़े छः से बढ़ाने की जरूरत नहीं है। उसके साथ-साथ आप पहला यह भी हिसाब ध्यान रखें कि इसमें से 60 प्रतिशत बाजार में चला जाता है और बाजार में आपके राशन की दुकान से ज्यादा बिकता है। इसका अर्थ यह स्पष्ट है कि अगर आप कोई हिसाब लगाने का प्रयास करें तो प्रति किलो गन्ने के मूल्य में वृद्धि होने के कारण, जो अभी आपने की है और आप थोड़ा और भी कर दें तो उसका असर चीनी के एक किलो पर 60–65 पैसे से अधिक नहीं होता और अगर वह 60–65 पैसे से अधिक नहीं होता तो आप चीनी का मूल्य एक रुपए चालीस पैसे से बढ़ा कर ग्राहकों को यह बता रहे हैं कि चूंकि हमने किसानों को अधिक मूल्य दिया, इसलिए आपको अधिक दाम में चीनी खरीदनी पड़ेगी। सबसे पहली तो मेरी प्रार्थना यह होगी कि जो गरीब हैं, मैं अमीरों की बात नहीं कर रहा हूं, वह बाजार से चाहे जितने दाम में खरीदें, लेकिन जो गरीब आदमी अपने त्यौहार के लिए चीनी खरीदना चाहता है, उसकी

चीनी को तो सरकार को सबसिडाइज्ड करना चाहिए, उसकी चीनी तो उसको सस्ते में मिले। इसलिए सरकार को खुद थोड़ा घाटा उठाकर नान लेवी शूगर में उस पैसे को वसूल करने का प्रयास करना चाहिए। लेकिन आपने मान लिया कि यह नहीं किया। आप अगर बढ़े हुए गन्ने का मूल्य पूरे का पूरा ग्राहक के सिर पर डालना चाहते तो राशन की दुकान से, तब भी यह मूल्य 65 पैसे से अधिक हो नहीं सकता। तो मुझे आज तक समझ में नहीं आया कि आपने एक रुपया चालीस पैसे, मतलब अपने किसान को जितना दिया उसमें से 60 प्रतिशत बाजार गया, 40 प्रतिशत राशन की दुकान में आया और इस हिसाब से 50 पैसे प्रति किलो चीनी पर भी आपने किसान को ज्यादा नहीं दिए तो आप डेढ़ रुपए के आसपास क्यों बढ़ा रहे हो और इसलिए मैंने प्रारम्भ में कहा कि यह किसान और ग्राहक के बीच में आपकी जो व्यवस्था खड़ी है उस व्यवस्था में मुझे लगता है कि जरूर कोई न कोई ऐसी चीज बनी है जिसके कारण किसान को तो गन्ने के मूल्य कम मिल रहे हैं लेकिन ग्राहक को तो बढ़े हुए दाम पर चीनी लेनी पड़ रही है और इसलिए करोड़ों किसान नाराज हैं क्योंकि गन्ने का मूल्य नहीं मिलता और करोड़ों लोग नाराज हैं क्योंकि महंगी चीनी लेनी पड़ती है। मैं यह चाहता हूं कि एक नई चीनी नीति जो घोषित की है उसमें और कुछ विचार का स्थान हो तो किसान और ग्राहक के बीच में खड़ी दीवार अगर तोड़ दें तो मुझे लगता है कि उत्पादन करने वाला और खरीदने वाला उस महंगाई से बच सकता है लेकिन दुर्भाग्य से इस प्रकार का विचार इसमें नहीं है इसलिए मैं इससे जुड़ी दो बातें जोड़कर कहना चाहूंगा कि आपने लगभग दो सौ नई चीनी मिलों के एक्सपेंशन की बात की है। आपने कुछ चीनी मिलों को अनुमति भी दी है। लेकिन दुर्भाग्य से आप चीनी मिलों को जो अनुमति देते हैं उन चीनी मिलों को बाद में वित्तीय संस्थायें पैसे नहीं देती और इसलिए आपकी अनुमति देने के बाद भी यह मिल कभी खड़ी नहीं होती और मुझे आज तक यह समझ में नहीं आया कि चीनी मिल अगर इंडस्ट्री है तो वह फूड के अन्तर्गत क्यों आती है। इंडस्ट्री को लाइसेंसिंग देना यह फूड मिनिस्ट्री से क्यों जोड़ा गया है, यह मेरी समझ में नहीं आता कि दुनिया की सारी इंडस्ट्री अगर इंडस्ट्री मिनिस्ट्री से जोड़ी हैं तो हमने इसको फूड के अंदर क्यों डाला है। लेकिन कम से कम आप केवल अनुमति पत्र न दें। वित्तीय संस्थायें उन्हें किस प्रकार का वित्त उपलब्ध करें, इस पर भी विचार करें।

इसके साथ-साथ मैं चीनी के दामों के बारे में यह कहना चाहूंगा कि हमने लगभग 20 साल पहले चीनी की दोहरी नीति को सोचा था–एक राशन में और एक बाजार में। मुझे लगता है कि समय यह आ गया है कि सरकार इसका अध्ययन करे कि–क्या हम चीनी मिलों को डि–लाइसेंसिंग कर सकते हैं। अगर हम उदारीकरण की ओर बढ़ रहे हैं तो जो व्यक्ति चीनी मिल खड़ी करना चाहते हैं, जो संस्थायें चीनी मिल खड़ी करना चाहती हैं उन व्यक्तियों और संस्थाओं को हम अपनी जितनी संभव मदद करें और वह खड़ा करने का प्रयास करें तो मुझे लगता है कि चीनी का उत्पादन भी बढ़ेगा। आज हमको इसकी भी शिकायत आती है कि चीनी नहीं मिल रही है और किसान का गन्ना, फसल वैसी ही खड़ी है, उसकी क्रासिंग नहीं हो रही है। खासकर आप जिस एरिया से आते हैं उसमें तो ज्यादा क्रासिंग की प्रोब्लम है। क्रासिंग नहीं होती है तो उसकी चीनी कम होती जाती है और इसको देखते हुए अगर आप मिलों के डि–लाइसेंसिंग का सोचें और उसके साथ-साथ यह डुवेल पालिसी छोड़कर अगर हम और चीजों जैसा इसको बाजार के द्वारा नियंत्रित करें और संकट आने पर बफर स्टाक मुक्त करें, इस प्रकार की अगर कोई नई नीति आप सोचेंगे तो मुझे लगता है कि जनता पर आप जो चीनी के द्वारा महंगाई का बोझ डाल रहे हो तो इस बोझ को कम करने का प्रयास आप कर सकते हैं।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं चीनी के बाद संक्षेप में कोयले पर आना चाहूंगा । वैसे यह दोनों विषय एक दूसरे से बहुत ही अलग हैं । आप कोयले की दृष्टि से देखिए कि कोयले के दाम में सरकार ने जो कोल इंडिया लिमिटेड है, उसको 12.8 परसेंट बढ़ाने की अनुमति दी । जो एस०एस०सी०एल० है उसको 11.8 और इसका अर्थ यह हो गया कि जो कोयले का दाम पहले 322 रुपए प्रति टन था वह 364 हुआ और उसके बाद 434 रुपए प्रति टन हुआ है । इसमें संतोष की बात इतनी है कि जो साफ्ट कोयला होता है, जो डोमेस्टिक फ्यूअल के लिए यूज होता है उसको आपने नहीं बढ़ाया है । जनता को उसमें कुछ न कुछ राहत मिल सकती है लेकिन 28 दिसम्बर, 1991 के बाद, मतलब आपकी सरकार के आने के बाद एक बार बढ़ाने के बाद लगभग 14 महीने के अंदर आपने दूसरी बार कोयले के दाम 30 प्रतिशत बढ़ाए हैं और मैंने सरकार के तमाम पत्र ढूंढने की कोशिश की लेकिन इस 30 प्रतिशत दाम बढ़ाने का कोई उचित कारण बताया नहीं गया है और इसलिए मुझे लगता है कि अगर एक-तिहाई कोयले का दाम आप बढ़ायें और उसके बाद सरकार यह कहे कि इसका हिन्दुस्तान की कोयले की प्राईस पर असर मिनिमम होगा, बहुत कम होगा, लगभग नहीं के बराबर होगा तो मुझे लगता है कि जो भी मंत्री कोयले का दाम बढ़ाता है या किसी और चीज का दाम बढ़ाता है तो कम से कम उसमें धैर्य होना चाहिए कि वह उसके परिणामों के सामने आने का इंतजार करे ।

चीनी की तरह कोयला खाने की चीज नहीं है और इसलिए अगर चीनी महंगी होगी तो ज्यादा से ज्यादा चीनी न लेकर आदमी उस महंगाई से बचने का प्रयास कर सकता है लेकिन जहां तक कोयले का सवाल है, कोयला अगर महंगा होगा तो उसका पूरी अर्थ नीति पर प्रभाव पड़ता है और इसलिए जो कोयले को नहीं भी खरीदता है तो भी उसको महंगाई का असर झेलना पड़ता है । पहला असर झेलना पड़ेगा बिजली के रूप में ।

आपने जो कोयले का दाम बढ़ाया है उसका अभी तक जो अंदाज आया है उस अंदाज से यह लगता है कि बिजली पर प्रति किलोवाट 2.9 पैसे इसका भार पड़ेगा और मैं यह जानता हूं कि जितना वैधानिक भार होता है उससे ग्राहक के पास भार कई अधिक पड़ता है। कल्पनाथ जी, पावर मिनिस्ट्री से संबंधित थे, इसलिए वह जानते होंगे । इसलिए लगता यह है कि कोयले का दाम बढ़ने से कोयला जिस चीज में उपयुक्त होता है जैसे बिजली है तो उसके दाम बढ़ने प्रारंभ हो जायेंगे और केवल महीने भर में प्रदेशों के विभिन्न बिजली बोर्ड अपने दाम बढ़ा देंगे जिसका कारण वे यह बतायेंगे कि चूंकि मूल कोयले का दाम बढ़ा है इसलिए अब हमें बिजली का दाम बढ़ाने में कोई आपत्ति नहीं है । इसलिए हम बढ़ा सकते हैं । इसलिए अगर बिजली का दाम 3 पैसे प्रति किलोवाट बढ़ने वाला है तो मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि क्या यह मिनिमम है ? अब मंत्री महोदय यह भी जानते हैं कि कोई आदमी यह तो कह सकता है कि चीनी का दाम बढ़ेगा तो चीनी बिना रह जाऊंगा लेकिन वैसे ही अगर कोई आदमी यह भी कहे कि बिजली बिना रह जाऊंगा, वैसे तो बिजली मिलती नहीं है इसलिए बहुत बार रहना भी पड़ता है, इसलिए अगर वह बिजली के बिना रहने का निर्णय करे भी तो भी इस निर्णय के पश्चात् भी बिजली से जो कल-कारखाने चल रहे हैं और उसमें जो बिजली के बढ़े हुए दामों के कारण जो अनगिनत वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं, इस महंगाई के चक्र से वह बच नहीं सकता । इसलिए कोयले पर चलने वाले कारखाने तो सीधे 30 प्रतिशत प्रभावित हैं और जो कोयले से बिजली पैदा होती है, जिसका मूल्य 3 पैसे प्रति किलोवाट बढ़ेगा तो उसका आगे प्रभाव पड़ेगा । इस कोयले के दाम बढ़ने का प्रभाव स्टील इंडस्ट्री पर भी पड़ेगा । अब स्टील इंडस्ट्री पर इसका परिणाम कम से कम 142

प्रति टन होने की संभावना है । स्टील वालों ने अभी अभी अपने दाम बढ़ाए हैं। अब अगर आप कोयले में 30 प्रतिशत वृद्धि कर दें तो वह स्टील के दाम बढ़ा देंगे। एक तरफ कोयले के दाम बढ़ने से बिजली के दाम बढ़े, उस के बाद कोयले और बिजली के दाम बढ़ने से स्टील के दाम बढ़े और फिर कोयले, बिजली और स्टील के दाम बढ़ने के कारण रेल के किराए बढ़े और फिर रेल के किराए बढ़ने के कारण सब चीजों के दाम बढ़े, हर चीज के दाम बढ़ेंगे, इस प्रकार की स्थिति आती है। इसलिए मुझे लगता है कि केवल कोयले के 30 प्रतिशत का होलसेल प्राइस इंडेक्स पर कम से कम .32 प्रतिशत प्रभाव होने की संभावना है। इसलिए कोयले का दाम बढ़ाकर, कोयले की खान में हाथ डालकर केवल हाथ काले नहीं होते हैं, उसके साथ साथ गरीब आदमी का मुंह काला होने की संभावना इससे निर्माण होती है क्योंकि यह जो जीवन का चक्र है उसमें कोयला बहुत महत्वपूर्ण अंग है । इसलिए मुझे लगता है कि अगर इस प्रकार से विचार किया जाए तो कोयले और चीनी इन दो चीजों के दाम इस बढ़ती हुई महंगाई को रोकना हमारे लिए असंभव होगा और इसलिए मैं यह चाहता हूं कि भारत सरकार, जैसा कि मैंने शुरू में कहा, बजट पूर्व वृद्धि से बजट को निरर्थक और बेईमानी और आंकड़ों का खेल न बनाएं। चीनी के कारण गरीब आदमी की जो मीठा खाने की कभी कभी संभावना होती है उस पर इतना बड़ा बोझ न डालें और कोयले के दाम बढ़ाकर आपने जो महंगाई के चक्र को जन्म दिया है इसको रोकने के लिए इस पर पुनर्विचार करें। यदि आप न करें और इसी प्रकार महंगाई की आग जलती रहेगी तो मुझे लगता है कि जो महंगाई की आग में जलने वाला सामान्य नागरिक है, कहीं इस आग में सरकार को जलाने पर उतारू न हो, इस पर आप गंभीरता से विचार करें। यही मेरी प्रार्थना है। मान्यवर, कोयले और चीनी के दाम बढ़ाने के संबंध में अल्पकालीन चर्चा इस सदन में हो रही है। यह बात सही है कि दोनों के दाम बढ़े। कारण उसके क्या हैं, अगर उसकी तह में हम जाएं तो मालूम होगा कि चीनी के दाम बढ़ने की जो बुनियादी वजह है वह यह है कि किसान जो बड़ी मेहनत से गन्ना पैदा करता है और गन्ने की फसल सर्दीयों में पैदा की जाती है, इसको मेहनत से पैदा किए हुए गन्ने को मिल तक पहुंचाने की जो नौबत आती है उसके लिए उसको भारी कष्ट उठाना पड़ता है । उसकी लागत का अंदाजा लगाना आपके लिए कठिन हो जाएगा। गन्ने के खेतों में पानी देना, बिजली का इस्तेमाल करना, गाड़ी का इस्तेमाल करना, गन्ना पैदा करने के लिए किसान का पूरा परिवार उसमें लगा रहता है और जो यह गन्ने की खेती है यह अन-इकानामिक होल्डिंग हैं। इसलिए किसान में भारी निराशा इसलिए भी हो गई है कि उसके गन्ने की उसको उचित कीमत नहीं मिलती।

श्रीमन, आप जानते हैं कि हमारा देश खेतिहर मुल्क है और उसमें देश के कई सूबों में जो शुगरकेन या गन्ना पैदा करने का काम है और उसमें चीनी बनाने का काम है वह बड़े पैमाने पर किया जाता है। मुझे बड़ी खुशी होती है कि हमारा देश दुनिया में सबसे ज्यादा चीनी पैदा करने वाला देश है लेकिन जो किसान चीनी पैदा करता है, गन्ना पैदा करता है उसकी कठिनाइयों को कोई नहीं समझता। उसकी मेहनत और उसकी लागत का पैसा उसको न मिले तो यह किसी भी सरकार के लिए मुनासिब नहीं है। फिर चीनी की जो नीति है सरकार ने हमेशा यह नीति अपनाई है कि जो मध्यम श्रेणी का मजदूर है, गरीब है उस पर बढ़ते हुए भावों का कोई असर न पड़े। यह नीति सरकार की हमेशा रही है, इस बात को भी हमें ध्यान में रखना चाहिए अगर आप गौर से देखें तो जो निम्न श्रेणी के लोग हैं उनका जो चीनी का कंजम्पशन है वह इतनी मात्रा में नहीं है, हमारे देहातों में, छोटे छोटे कस्बों में जो चीनी की खपत है वह बहुत कम है। हमारे गांवों में रहने वाली जो

[श्री प्रमोद महाजन]

आबादी है वह चीनी का बहुत बड़ा हिस्सा इस्तेमाल नहीं करती है। ये साल के 6 महीने गुड़ बनाते हैं, खांड बनाते हैं इनको चीनी खरीदने की नौबत नहीं आती। लेकिन चीनी का जो बड़ा भाग इस्तेमाल किया जाता है वह धनाढ्य लोगों के द्वारा किया जाता है। ये लोग ही बड़े पैमाने पर चीनी का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप आंकड़े उठाकर देखें तो हिन्दुस्तान की 75 फीसदी आबादी जो है वह चीनी का मुश्किल से 5 परसेंट कंजम्पशन करती है। 30 फीसदी जो हमारे रिच लोग हैं, बड़े-बड़े धनाढ्य हैं, जिनके यहां बड़ी-बड़ी दावतें होती हैं, जिनके यहां 6-6 बार चाय पी जाती है, तरह-तरह की मिठाई बनती है, सुबह से शाम तक नये किस्म के पकवान बनाये जाते हैं उनके यहां ज्यादा चीनी का इस्तेमाल होता है। वे इस पोजिशन में है कि ये चीनी के बड़े भाग को दे सकते हैं। मैंने जैसा कहा सरकार के सामने यह सवाल खड़ा हो गया है कि किसान को गन्ने के दाम ठीक मिलें। इसलिए सरकार ने चीनी के दाम बढ़ाकर किसान को सहूलियत देने का एक इरादा बना लिया है। यह अच्छा और मुनासिब इरादा है। किसान के लिए इसके भाव बढ़ाना जरूरी है। अगर गन्ने के भाव नहीं बढ़ेंगे तो देश के अंदर उथल-पुथल हो जायेगी। इसका मुल्क की इकोनोमी पर क्या असर पड़ेगा इसका अंदाजा लगाना बड़ा कठिन है। आज चीनी हमारे दूसरे देशों को भी जाती है। जैसा मैंने कहा कि चीनी के दाम बढ़ा कर किसान की आर्थिक अवस्था को मजबूत किया है। किसान हमें नई मशीनें लगाकर, पेस्टीसाइडस के जरिये गन्ने को कीड़ों से बचाकर जो ज्यादा से ज्यादा चीनी हमें देते हैं इससे किसान की आर्थिक अवस्था मजबूत होती है। देश की इकोनोमी में लाभ पहुंचता है। यह कांग्रेस सरकार ने बड़ा सराहनीय कदम उठाया है। अगर किसान मजबूत रहता है तो सारा देश मजबूत रहता है। अगर किसान कमजोर रहता है तो देश मजबूत नहीं हो सकता। इसलिए भी सरकार ने चीनी के दाम बढ़ा कर किसानों को फायदा पहुंचाया है इससे कोई आर्थिक बहुत बड़ी कठिनाई नहीं आती है। 75 फीसदी किसानों को नाराज नहीं किया जा सकता है। इससे देश मजबूत बनता है। गरीब आदमी की बात की जाती है, जाकर देखिये वह दिन में कितनी बार चाय पीता है, कितनी बार चीनी का इस्तेमाल करता है। जैसा मैंने कहा जो बड़े लोग हैं वे ही चीनी का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। जिनको महंगाई से कोई मतलब नहीं वे इसको खूब इस्तेमाल करते हैं। जिनके पास बहुत पैसा है उनके सामने सवाल यह है कि रुपये को कैसे खर्च किया जाए। अगर आप किसान को दाम नहीं देंगे तो हमारे देश की प्रगति रुक जायेगी, तरक्की के रास्ते बंद हो जायेंगे। हमारे देश के प्रधान मंत्री जी ने उदारता की नीति अपना करके यह रास्ता खोला है। आर्थिक तौर पर अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए इसका अनोखा विलक्षण प्रभाव आने वाला है। देश बड़ा मजबूत होगा। मैं कहना चाहता हूं कि वह दिन दूर नहीं हैं जब यहां के किसानों की आर्थिक अवस्था में बहुत ज्यादा सुधार होगा। यहां तो मुल्क के अंदर बेकार के मसलों पर हमारी ताकत, शक्ति खर्च की जाती है। आपको ताज्जुब होगा कि ला एंड आर्डर पर जितना हमारा रुपया खर्च होता है उतना देश की प्रगति पर, देश के विकास पर नहीं हो पा रहा है, देश को मजबूत करने में नहीं लग रहा है। पिछले 5-6 महीनों में पेट्रोल के बहाने तनख्वाहों पर, भत्तों पर, नोन सेक्योरिटी पर सारा पैसा खर्च किया जाता रहा है। यह कहा जाता है कि मुल्क का गरीब कमजोर हो रहा है, गरीब और गरीबी की तरफ जा रहा है। गरीबों को कुछ नहीं मिल रहा है। वह भूल जाते हैं कि गरीबों को मिलने वाला सारा रुपया पेट्रोल पर, पुलिस फोर्स पर, उसके आवागमन पर खर्च किया जाता है। इसका कोई हिसाब-किताब नहीं है। जो मुखतलिफ पार्टियां हैं जिनके मनसूबे साफ नहीं हैं साम्प्रदायिकता का मसला बनाकर मुल्क की

ताकत को तोड़ना चाहते हैं। अभी आपने देखा कि बम्बई में दंगे हुए दिल्ली में दंगे हुए और जहां जहां पर भी दंगे हुए वहां पर करोड़ों का नुक्सान हुआ। इसका हम अन्दाजा नहीं लगा सकते हैं मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी मौजूदा सरकार इस मुल्क को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाना चाहती है, डिफेन्स के तौर पर मजबूत बनाना चाहती है। हमारी सरकार दलितों और गरीब लोगों का और सामान्य लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाना चाहती है। कांग्रेस सरकार की और मौजूदा सरकार की यह नीति है।

कोल के दाम बढ़ाने की बात कही गई। कोयला खानों में मजदूरों को कोयला निकालने में कितनी कठिनाई होती है, यह मैंने खुद खानों में जा कर देखा है। लेकिन 20 साल पहले जो सिस्टम था उसमें बड़ा फर्क आया है। अब मजदूरों के लिए लाइफ इंश्योरेन्स, हैल्थ इंश्योरेन्स का प्रबन्ध किया गया है। कितना रुपया मजदूरों पर खर्च करना पड़ता है। बिजली और पानी का इंतजाम करना पड़ता है। अगर कोई एक्सीडेन्ट हो जाता है तो उनको जो रिलीफ दिया जाता है उसमें रुपया लगता है। सरकार यह पैसा देती है। आखिर सरकार यह रुपया कहां से लाये? नई नई टक्नीक निकल रही है। मजदूरों को जो मेहनत करनी पड़ती थी उसमें भी सुविधा हुई है। इस सब के लिए रुपया देना पड़ता है। पहले कोयला चोरी हो जाता था उसमें भी कमी आई है। बिना कीमत बढ़ाये ये काम करना बिलकुल नामुमकिन है। मजदूरों की और कोयले की प्रोटेक्शन के लिए इंतजाम किया गया है। इसलिए, हमें कोयल के दाम बढ़ाने पड़ेंगे। कोयले की क्वालिटी में भी सुधार आया है। बाजार में अब जो कोयला मिलता है उसकी कंडीशन अच्छी होती है। उसमें डस्ट कम होता है। पहले करीब करीब 20 प्रतिशत कोयला बर्बाद हो जाता था, चोरी हो जाता था। खानों की प्रोटेक्शन के लिए फोर्स लगाई गई है। कोयला हमारी राष्ट्रीय सम्पदा है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि जो भाव बढ़ाये गये हैं वे कोयला खान मजदूरों की भलाई के लिए बढ़ाये गये हैं और यह बढ़ोतरी कोई कष्टदायक भी नहीं है। किसानों और मजदूरों की भलाई के लिए यह काम किया गया है। मैं इसका समर्थन करता हूं और फिर कहना चाहता हूं कि किसानों के दिलों में इससे खुशी हुई कि उनको अब गन्ने के दाम ज्यादा मिलेंगे। उनके दिल में एक उमंग है। हमारी मौजूदा कांग्रेस सरकार की यही नीति है कि किसानों और मजदूरों का भला किया जाय।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल (उत्तर प्रदेश): मि० वाइस चेयरमैन, मैं समझता हूं कि इस पर बहस करते हुए श्री प्रमोद महाजन जी ने जो कुछ कहा है उसके बाद चीनी और कोयले पर सफेदी और कालिख के बारे में ज्यादा कुछ कहने की गुंजाइश नहीं रह गई है। उन्होंने बहुत अच्छी फीगर्स दी है और मैं समझता हूं कि कोई बाहर का आदमी इसको सुनेगा तो वह कंविन्स हो जाएगा कि सरकार ने चीनी के मामले में जितना पैसा गन्ने के लिए किसानों को दिया उससे ज्यादा गरीब लोगों से तकरीबन दुगुना ले लिया। कोयले में भी यही किया गया है। मैं इस तफसील में न जा करके एक असूली बात की तरफ तवज्जह दिलाना चाहता हूं। पिछले दस सालों से इसी तरह से बजट के पहले दाम बढ़ा दिये गये हैं जिससे हकीकी मायनों में जो पार्लियामेंट की गरिमा है, पार्लियामेंट में बजट पेश करने का जो एट्रेक्शन होता है, असर होता है, अवाम पर भी और सरकार और ब्यूरोक्रेसी पर भी, वह आहिस्ता आहिस्ता खत्म होता जा रहा है। उसके लिए हम सब जिम्मेदार हैं। मैं यह कहने के लिए तैयार हूं कि हमारे वक्त में भी कुछ ऐसे इकदामात हुए थे जिनको हमने क्रिटिसाइज किया था। लेकिन क्या ऐसी हालत पैदा हो गई है कि हमेशा बजट से पहले इस किस्म क

जो प्राइस राइज किया जाता है जिससे जनता को लूटने का काम किया जाता है। मैं समझता हूं कि इस वक्त जो मुल्क की स्थिति है जब यहां इस पर बहस हो रही थी कि यह डिसक्शन आज किया जाए या न किया जाए तो मुझे जरा भी गलतफहमी हुई कि जब बी० जे० पी० के लोगों ने कहा कि इस पर डिसक्शन आज नहीं होना चाहिये। फिर एक साहब ने कहा कि शायद प्रमोद महाजन जो सीरियस नहीं हैं। वह बात भी सामने आई। मैं समझता हूं अपनी गलती को मान लेना चाहिये। मेरा मानना यह है कि इस वक्त जो मुल्क की हालत है उसमें असल मुद्दा यह होना चाहिये कि मंहगाई क्यों हो रही है, आम आदमी पर इसका क्या असर पड़ रहा है लेकिन इन सब बातों को छोड़ कर के कोयले को क्या आग लग रही है, चीनी से क्या आग पैदा हो रही है, हम उससे ज्यादा अयोध्या को आग में उलझे हुए हैं। मैं यह समझता था कि भारतीय जनता पार्टी जो इस आग को लगाने का काम करती है और आपने भी, त्वज्जोह लोगों को बंटी हुई है, एजेंडा बदल दिया। खाद का प्राइस बढ़ाया गया था, सब्सिडी खत्म की गई थी उसके बाद किसानों में एक असर हुआ था या फिर मंडल के बारे में जो सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था उसके बाद अचानक कमंडल उठा उसी तरह से जैसे पहले मंडल आया था तो आडवाणी जी ने रथ यात्रा शुरू की थी। मुझे तो ऐसा लगता है कि एक ऐसी लड़ाई जो बुनियादी लड़ाई है, हिन्दुस्तान में कामन आदमी, गरीब आदमी, 90 फीसदी लोगों की लड़ाई है उस पर कुछ मखसूस लोगों चाहे वह भारतीय जनता पार्टी के हों या कांग्रेस के हों (व्यवधान)

श्री कल्पनाथ राय : जनता दल को कहिये।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : जनता दल के बारे में भी बता दूंगा। उनका मानना यह है कि एजेंडा शिफ्ट कर देना चाहिये और एजेंडा बड़ी कामयाबी से शिफ्ट कर दिया। यह अलग बात है कि भारतीय जनता पार्टी ने जितना सोचा भी नहीं था उससे ज्यादा प्रोफिट उनको नजर आ रहा है उसके अन्दर। इसलिए वह उसको ले कर के चल रहे हैं। इसी तरह मुझे लगता है कि इस पूरे माहौल में जब पूरे मुल्क के अन्दर एक आग लगी हुई है, सरकार इस मुल्क के आवाम के साथ ऐसा धोखा कर रही है, जब लोगों की सारी त्वज्जोह बंटी हुई है तो आप प्राइस बढ़ा दीजिये, आप कोई भी दूसरा ऐसा काम कर दीजिये जिस पर ज्यादा त्वज्जोह न जाए। आप मंडल की बात न करिये, उसकी कोई जरूरत नहीं है इसलिए कि लोगों को इस वक्त न मंडल चाहिये और न यह चाहिये कि कितने दाम चीनी के बढ़ गये हैं, उनको इस चीज की फिक्र नहीं है। उनको किसी चीज की फिक्र नहीं है, उनको तो इस बात का फिक्र लगा दिया गया है कि मन्दिर बनेगा या नहीं बनेगी, मस्जिद बनेगी या नहीं बनेगी। आप भी पिछले तीन चार महीने से इसी काम में लगे हुए हैं। सरकार क्या कर रही है? उन मामलात को आगे बढ़ाते रहिये, सरकार को जैसे चलाना है चलाते रहिये। मैं समझता हूं प्रमोद महाजन जी ने इस पर अपनी स्पीच दी तो मुझे बहुत खुशी हुई और मैं बड़े अदब के साथ भारतीय जनता पार्टी के लोगों से गुजारिश करूंगा कि जितनी क्षमता आपके अन्दर है अगर आप वाकई आवामी मसलों को उठाएं तो आपको शायद इससे ज्यादा पापुलर्टी मुल्क में मिल सकती है। (व्यवधान)

श्री संघ प्रिय गौतम : बहुत बहुत शुक्रिया। अब आपकी ही राय मानेंगे।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : लेकिन आपने जो आग और खून का खेल चलाया है इससे आपको हिन्दुओं के एक सेक्शन में पापुलर्टी मिल सकती है, थोड़ा बढ़ावा मिल सकता है लेकिन मैं आपसे हाथ जोड़ कर के गुजारिश करूंगा कि आप एजेंडे को

